तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

4 ज्योति कलश और जंवारा की विसर्जन शोभायात्रा...



4 दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर व उपकरणों...



खबर संक्षेप

आदिवासी विश्राम गृह निर्माण का भूमिपूजन



नरहरपुर। नगर के वार्ड क्रमांक 10 में सांस्कृतिक भवन के पास आदिवासी विश्राम गृह निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस विश्राम गृह के निर्माण से आदिवासी समाज के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही सामाजिक गतिविधियों, आपसी मेल-मिलाप और सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। आयोजित कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित रहे।

गोड़पाल में दशहरा उत्सव में 21 को होगा रावण दहन

दुर्गूकोंदल। ग्राम गोड़पाल में 20 एवं 21 अक्टूबर को दो दिवसीय दशहरा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री रामलीला मंडली गोड़पाल द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित रामलीला का मंचन किया जाएगा। मंगलवार 20 अक्टूबर को सीता हरण एवं नारान्तक वध तथा बुधवार 21 अक्टूबर को बाली वध एवं अहिरावण वध की लीला प्रस्तुत की जाएगी। उत्सव के अंतिम दिन रात्रि 9 बजे स्कूल के पास स्थित श्री रामलीला मैदान में भव्य रावण दहन होगा।

ग्राम दोड़दे में 24 को होगा छत्तीसगढ़ी नाचा

दुर्गूकोंदल। ग्राम दोड़दे, ग्राम पंचायत खुटगांव में दशहरा पर्व के अवसर पर 24 अक्टूबर शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें कुम्हारी चम्पारणधाम की जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ी लोककला एवं नाचा की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 9 बजे से होगा। आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देना है। नाचा कार्यक्रम में हास्य, संगीत, संवाद और अभिनय के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। नरहरपुर थाना क्षेत्र में आत्मानंद स्कूल के पास मेन रोड पर हुए सड़क हादसे में घायल युवक नरहरपुर विकासखंड के ग्राम देवगांव निवासी 21 वर्षीय मुनेश कुमार शोरी पिता महेश शोरी की धमतरी में इलाज के दौरान मौत हो गई। धमतरी से मिली जानकारी के आधार पर नरहरपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पर्व : कलेक्टर कुंदन कुमार ने परिवार सहित हाहालद्दी बंजारी माता के किए दर्शन

दुर्गाष्टमी हवन-पूजन में स्वाहा की गूंज, ज्योत-जंवारा विसर्जन व कराया कन्याओं को भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सोमवार की सुबह से ही शीतला माता के मंदिर, हाहालद्दी बंजारी मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर और जिलेभर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नौ दिनों तक शक्ति की विशेष-पूजा अर्चना के बाद सोमवार को सेवा भजनों के साथ माता को विदाई दी जाएगी। शहर से लेकर गांवों में हवन के बाद देवी प्रतिमा और ज्योत-जंवारा का विसर्जन का दौर शुरू हो जाएगा। शहर में विराजे देवी प्रतिमाओं का विसर्जन देर शाम शुरू होगा। देवी प्रतिमाओं को ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी की गई है।

- माता दुर्गा की स्तुति के साथ शंख और घंटियों के साथ गूंजे माता के जयकारे
- सार्वजनिक प्रतिमा स्थलों पर अष्टमी में देर शाम हुआ हवन

नवरात्रि के महाअष्टमी के दिन 30 सितंबर मंगलवार को कांकेर के मंदिरों और पूजा पंडालों में देवी के दर्शन-पूजन को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। शहर से लेकर गांव तक के इलाके महाशिक्त देवी दुर्गा की आराधना में डूब गए हैं। नवरात्र में शहर के शीतला मंदिर में ज्योति कलशों की स्थापना कर अराधना किया गया। महाअष्टमी के पर्व पर मंगलवार की सुबह से हवन की तैयारी की जा रही थी और हवन निर्धारित समय दोपहर को 4 बजे प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने कुण्ड को सजाकर पूजन कार्य शुरू किया, जिसमें पंडित चिंतामणि मिश्रा ने पूजा करवाते हुए हवन कार्य करवाया। मंदिर में पुजारी पूरन माली, खिलावन प्रसाद माली व श्रद्धालुओं द्वारा माता को अंतिम महाआहुति देकर विदा दिया गया। हवन पूजन के बाद महाआरती कर सोमवार 19 अक्टूबर को नौ कन्याओं को भोज कराया गया। सार्वजनिक स्थलों पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में रखी प्रतिमा स्थलों पर अष्टमी की देर शाम को हवन शुरू किया गया, कई समितियों के द्वारा नवमीं को आज हवन किया जाएगा। मंदिरों पर सुबह से श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए तांता लगा रहा। कांकेर शहर का माहौल दिनभर भक्तिमय बना रहा। प्रतिमा स्थलों पर हवन व पूजन होने से माहौल भक्तिमय बना रहा। समितियों के सदस्यों का कहना था कि आज हवन हो रहा है और दशहरा के दिन विसर्जन किया जाएगा।

शारदीय नवरात्रि का महाअष्टमी पर्व सोमवार को मनाया गया। सभी देवी पंडाल व मंदिरों में विशेष हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया।



बंजारी माता मंदिर में महाअष्टमी पर हुआ हवन, आज होगा भंडारा

दुर्गूकोंदल। विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल से समीप ग्राम हाहालद्दी स्थित पल्लामाढ़ी पहाड़ावाली बंजारी माता मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। नौ दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में 635 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए, जिनकी पावन ज्योति से मंदिर परिसर नौ दिनों तक भक्तिमय वातावरण से आलोकित रहा। महाअष्टमी के अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन और पूर्णाहुति संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। 11 अक्टूबर से प्रारंभ हुए नवरात्र महोत्सव के दौरान शुभ मुहूर्त में वैदिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना कर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। प्रतिदिन श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर माता रानी के समक्ष शीश नवाते रहे। ज्योति कलशों की पावन रोशनी और भक्तिमय माहौल ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक आस्था से सराबोर कर दिया। महाअष्टमी के पावन अवसर पर दोपहर 12 बजे से हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंडित तामेश्वर प्रसाद तिवारी ने पल्लामाढ़ी पहाड़ावाली बंजारी माता मंदिर तथा नीचे स्थित मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। हवन के दौरान श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि, क्षेत्र की उन्नति और खुशहाली के लिए माता रानी से प्रार्थना की। पूर्णाहुति के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कलेक्टर कुंदन कुमार ने परिवार सहित लिया आशीर्वाद

हाहालद्दी स्थित पल्लामारी पहाड़ावाली बंजारी माता मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। महाअष्टमी के अवसर कांकेर कलेक्टर कुंदन कुमार परिवार सहित मंदिर पहुंचे और माता बंजारी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। दर्शन एवं पूजा-अर्चना के पश्चात मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं एनएसएस के स्वंय सेवकों से भी मुलाकात किया। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की जानकारी लेते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।



समिति के सदस्यों ने निभाई सहभागिता

आयोजन में मंदिर के संरक्षक पंडित तामेश्वर प्रसाद तिवारी, आरसीएल श्रीवास्तव, घनश्याम सिन्हा, राजेंद्र सिन्हा, जीवन सिन्हा, मोहन सिन्हा एवं हरिशचंद सिन्हा के अलावा समिति अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष अनिल सिन्हा एवं भगवानी सिन्हा, सचिव हेमंत श्रीवास्तव, सहसचिव मुकेश गावड़े और कोषाध्यक्ष सावंत राम साहू सहित गोवर्धन नरेटी, सोहन सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा, पंकज सिन्हा, सोमल जैन, सरवन निषाद तथा समिति के अन्य सदस्य की सहभागिता रही। अष्टमी-नवमी के हवन-पूजन में जजमान के रूप में दुर्गूकोंदल थाना प्रभारी सुशील दुबे सपत्नीक एवं डॉ. संजय वस्त्रकार सपत्नीक शामिल हुए।



चोरियों में तेंदुए के हमले से 13 बकरा-बकरियों की मौत, ग्रामीण में दहशत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

जंगल से निकलकर आबादी वाले इलाकों में वन्यजीवों की आवाजाही ग्रामीणों के लिए चिंता का कारण बन रही है। कांकेर जिले के सरोना वन परिक्षेत्र अंतर्गत चोरिया गांव में तेंदुए के 13 बकरियों पर हुए हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

- पशुपालक को भारी नुकसान, ग्रामीणों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने की मांग की

जानकारी के अनुसार सरोना वन परिक्षेत्र के चोरिया गांव में चैतराम सलाम अपने घर में बकरा-बकरियों का पालन करते हैं। दो दिन पहले रात में तेंदुआ उनके घर में घुस आया। इस दौरान तेंदुए ने वहां मौजूद 13 बकरा-बकरियों को मार डाला। घटना से पशुपालक को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पशुपालन पर निर्भर ग्रामीण परिवारों के लिए मवेशियों का इस तरह मारा जाना आजीविका पर सीधा असर डालने वाला है। घटना के बाद चोरिया गांव सहित आसपास के क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में भय व्याप्त है। लोगों को आशंका है कि तेंदुआ दोबारा आबादी वाले इलाके में पहुंच सकता है। ऐसे में ग्रामीणों को रात के समय विशेष सतर्कता बरतने और अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने की चिंता सता रही है। पशुपालक को हुए भारी नुकसान से गांव में चिंता का माहौल है। घर के भीतर घुसकर तेंदुए द्वारा इतने सारे मवेशियों को मार दिए जाने की घटना ने ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

गश्त बढ़ाने और निगरानी मजबूत करने की मांग

ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखने की मांग की है। उनका कहना है कि जंगल से लगे गांवों में वन्यजीवों की आवाजाही पर निगरानी जरूरी है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। साथ ही ग्रामीणों और उनके मवेशियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

विधायक विक्रम रावघाट कार्यक्रम में होंगे शामिल

अंतागढ़। बस्तर क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में 20 अक्टूबर को महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। रावघाट रेलवे स्टेशन से रायपुर-रावघाट ट्रेन सेवा का शुभारंभ दोपहर 2 बजे किया जाएगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाएंगे, वहीं रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहेंगे, जबकि विधायक विक्रम उसेंडी रावघाट कार्यक्रम में शामिल होंगे, उन्होने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में अहम कदम बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों, व्यापारियों, श्रमिकों और मरीजों को राजधानी आने-जाने में सुविधा मिलेगी।



हिंगनपुरी की डे-नाइट प्रो कबड्डी में कराठी मुल्ला व डोंगरगढ़ की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम हिंगनपुरी में आयोजित डे-नाइट ओपन प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का 18 अक्टूबर को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। 17 अक्टूबर से शुरू हुई प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग की विभिन्न टीमों ने हिस्सा लेकर शानदार खेल प्रतिभा, दमखम और अनुशासन का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि निखिल सिंह राठौर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सराहनीय पहल है। खेल से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की अपील करते हुए विजेता टीमों को बधाई दी। भाजपा मंडल महामंत्री रामचन्द्र कल्लो ने भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना ⏭शेष पेज 02 पर



कांकेर में आज 50 फीट ऊंचा रावण, मेघनाद-कुंभकर्ण के पुतलों का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व आज कांकेर शहर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। शहर के ऐतिहासिक नरहरदेव मैदान में 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके साथ ही मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों को भी आग के हवाले किया जाएगा। राम-रावण युद्ध का सजीव मंचन, पूजा-अर्चना और भव्य आतिशबाजी के बीच होने वाला यह आयोजन शहरवासियों के लिए खास आकर्षण रहेगा। समारोह को लेकर नगर पालिका प्रशासन, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और आयोजन समिति ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोजन में हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है।

- नरहरदेव मैदान में राम-रावण युद्ध का होगा सजीव मंचन, भव्य आतिशबाजी रहेगी आकर्षण का केंद्र



विजयादशमी समारोह के दौरान लोक कलाकारों द्वारा राम-रावण युद्ध प्रसंग का सजीव मंचन किया जाएगा। भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध के प्रसंग को देखकर ⏭शेष पेज 02 पर

विधायक आशाराम ने की अपील

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने नागरिकों से समय से पहले कार्यक्रम स्थल पहुंचने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने बताया कि इस वर्ष 50 फीट ऊंचे रावण के साथ मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले भी तैयार किए गए हैं। विजयादशमी का यह पर्व लोगों को सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देगा। रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया जाएगा।

श्रद्धा और भक्ति के साथ दी जाएगी मां दुर्गा को विदाई

दुर्गा प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा आज, सुरक्षा का है पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नवरात्र पर्व के दौरान शहर और आसपास के क्षेत्रों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन आज श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया जाएगा। कई दिनों तक पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक आयोजनों से गुलजार रहे दुर्गा पंडालों में अब विदाई की तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां की हैं। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

शहर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु मां दुर्गा को भावभीनी विदाई देंगे। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच





निकलने वाली विसर्जन यात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समितियां विसर्जन की तैयारियों में जुटी हुई हैं। निर्धारित मार्गों से प्रतिमाओं को विसर्जन स्थलों तक ले जाने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि आवागमन में अनावश्यक परेशानी न हो। प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। भीड़भाड़ वाले स्थानों और विसर्जन मार्गों पर निगरानी रखने के साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं से अपील की जा रही है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और विसर्जन के दौरान अनुशासन बनाए रखें।

विसर्जन स्थलों पर सावधानी बरतने की अपील

प्रतिमा विसर्जन के दौरान जल स्त्रोतों के आसपास विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। श्रद्धालुओं से अपील है कि वे निर्धारित विसर्जन स्थलों का ही उपयोग करें तथा बच्चों को पानी के नजदीक अकेला न जाने दें। विसर्जन के दौरान धक्का-मुक्की, तेज रफ्तार वाहन चलाने और लापरवाही से बचने की जरूरत है। नवरात्र के दौरान मां दुर्गा की आराधना करने वाले श्रद्धालु अब नम आंखों और अगले वर्ष फिर आने की कामना के साथ माता को विदाई देंगे। पूरे आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे को बनाए रखना है। प्रशासन की तैयारियों के बीच उम्मीद है कि प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा।

नवजोत दुर्गोत्सव में दुर्गाष्टमी पर हवन किया और मनाई नवमी

दुर्गूकोंदल। नवजोत मां दुर्गा उत्सव समिति दुर्गूकोंदल के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय मां दुर्गा उत्सव के अंतर्गत अष्टमी एवं महानवमी पर विशेष हवन-पूजन संपन्न हुआ। दुर्गा पंडाल में पंडित लक्की त्रिवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक हवन एवं पूजा-अर्चना कराई। श्रद्धालुओं ने माता रानी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

समिति द्वारा 11 अक्टूबर से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन पूजा-अर्चना की जा रही थी। इस दौरान भजन-कीर्तन, रामायण पाठ, जसगीत सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अष्टमी-नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कीं। इसके बाद नौ कन्याओं का विधिवत पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। नौ दिवसीय उत्सव का समापन आज मंगलवार 20 अक्टूबर को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ होगा। समिति के अनुसार, विसर्जन कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां जारी हैं। समिति अध्यक्ष सोमल जैन ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से विसर्जन यात्रा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष सोमल जैन, नरेंद्र जैन, अमित कनौजिया, दीपक जैन, ग्राम पंचायत सरपंच शकुंतला नरेटी, संरक्षक मुन्ना सिंहा, विनोद पारख एवं लालजी दुग्गा सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

नवरात्रि पर विशाल भंडारे का आयोजन



गीदम। बाबा रामदेव मंदिर समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं को हलवा, पूड़ी और सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने स्वयं प्रसाद वितरण में सहयोग किया और श्रद्धालुओं की सेवा की। सुबह से शाम तक चले इस भंडारे में गीदम सहित आसपास के गांवों से आए श्रद्धालु शामिल हुए। आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और पदयात्रियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की और मंदिर समिति के सेवा भाव की प्रशंसा की। भंडारे के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। गौरतलब है कि नवरात्रि के दौरान गीदम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है, जो क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। बाबा रामदेव मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं, जिससे सामाजिक एकता और धार्मिक भावना को बल मिलता है।

डीएवी करमरी के 10 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम

बस्तर। बस्तर जिले के खेल जगत और शिक्षा क्षेत्र के लिए एक बेहद गौरवशाली खबर है। डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, करमरी (परचनपाल), बस्तर के 10 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन दिल्ली में आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये खिलाड़ी 24 से 26 अक्टूबर तक दिल्ली में आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच पर एथलेटिक्स, नेटबॉल और कबड्डी खेलों में बस्तर और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना दमखम दिखाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य त्रिभुवन साहू और खेल प्रशिक्षक नंद कुमार साहू की देखरेख और कुशल मार्गदर्शन में इन खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है। प्राचार्य महोदय ने खिलाड़ियों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि ग्रामीण और जनजातीय अंचल के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच मिलने की आवश्यकता है। खेल प्रशिक्षक नंद कुमार साहू के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने तकनीकी रूप से अपने खेल को मजबूत किया है, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर डी.ए.वी. करमरी विद्यालय परिवार की ओर से सभी 10 चयनित खिलाड़ियों, उनके माता-पिता और खेल गुरुओं को हार्दिक बधाई संदेश प्रेषित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं और साथी छात्र-छात्राओं ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई है कि वे दिल्ली में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल जीतेंगे और बस्तर का नाम पूरे देश में रोशन करेंगे।

1990 से 35 वर्षों से निरंतर हो रही मां दुर्गा की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- सात वर्षों से धार्मिक कथाओं के आयोजन की परंपरा
- अयोध्या से पधारे आचार्य अजीत महाराज कर रहे शिव महापुराण कथा का वाचन

धार्मिक आस्था, सनातन संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण की दिशा में पुराना बस स्टैंड स्थित नवज्योति दुर्गा उत्सव समिति ने अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। वर्ष 1990 से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की परंपरा शुरू करने वाली समिति आज भी उसी श्रद्धा, समर्पण और उत्साह के साथ धार्मिक आयोजनों की परंपरा को आगे बढ़ा रही है। 3 दशक से अधिक समय से निरंतर जारी यह धार्मिक यात्रा बीजापुर में आस्था और सांस्कृतिक विरासत के प्रति समर्पण का परिचायक है।मां दुर्गा की आराधना से प्रारंभ हुई समिति की यह यात्रा समय के साथ धार्मिक एवं आध्यात्मिक





आयोजनों का महत्वपूर्ण माध्यम बन गई है। पिछले सात वर्षों से समिति द्वारा नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा की स्थापना के साथ श्रीमद्भागवत कथा, शिव पुराण और श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को सनातन धर्म की शिक्षाओं, भारतीय संस्कृति के मूल्यों और आध्यात्मिक विचारों से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।

इस वर्ष नवज्योति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पधारे आचार्य अजीत महाराज के श्रीमुख से भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया जा रहा है। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान भोलेनाथ की महिमा, उनकी उपासना, धार्मिक आदर्शों और आध्यात्मिक जीवन के महत्व से अवगत कराया जा रहा है।शिव महापुराण की कथा भगवान शिव के प्रति श्रद्धा को प्रगाढ़ करने के साथ ही धर्म, सदाचार, सेवा और मानवीय मूल्यों का संदेश देती है। कथा श्रवण के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक चिंतन और भक्ति का अवसर प्राप्त हो रहा है। धार्मिक आयोजनों की यह परंपरा क्षेत्र में सनातन संस्कृति के प्रति आस्था को सुदृढ़ करने में अपनी भूमिका निभा रही है।

परंपरा के साथ संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण

नवज्योति दुर्गा उत्सव समिति की विशेषता यह है कि उसने मां दुर्गा की स्थापना की परंपरा को निरंतर बनाए रखने के साथ धार्मिक कथाओं को भी अपने आयोजनों का अभिन्न हिस्सा बनाया है। वर्ष 1990 में शुरू हुआ यह सफर आज धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना को आगे बढ़ाने का माध्यम बन चुका है। समिति द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की उस परंपरा को दर्शाते हैं, जिसमें पूजा-अर्चना के साथ धर्म, अध्यात्म और सदाचार को विशेष महत्व दिया जाता है। मां दुर्गा की आराधना और शिव महापुराण कथा के माध्यम से श्रद्धालु अपनी धार्मिक आस्था को अभिव्यक्त कर रहे हैं।पुराना बस स्टैंड स्थित नवज्योति दुर्गा उत्सव समिति की यह पहल बीजापुर की धार्मिक एवं यूएन सांस्कृतिक पहचान को समृद्ध करने वाली परंपरा का उदाहरण है। 3 दशक से अधिक समय से मां दुर्गा की आराधना की अखंड परंपरा और पिछले 7 वर्षों से धार्मिक कथाओं के आयोजन का सिलसिला समिति की निरंतर धार्मिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

विधि विधान से की गई पूजा अर्चना, जसगीतों और जयकारों से गूंजा नगर

बस्तर दशहरा : मावली परघाव के लिए जगदलपुर रवाना हुईं माई दंतेश्वरी, गीदम में हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

मावली परघाव रस्म के लिए बस्तर महाराज द्वारा निमंत्रण देने के बाद बस्तर की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में शामिल होने रविवार शाम जगदलपुर की ओर रवाना हुईं। इस दौरान माई की डोली व छत्र शाम लगभग छह बजे व्यावसायिक नगरी गीदम के हारम चौक पहुंचा, जहां क्षेत्रीय देवी-देवताओं की उपस्थिति में लोगों ने भव्य स्वागत किया। हारम स्थित दुर्गा पंडाल के सामने लोग माई के छत्र व डोली का दर्शन करने लंबी कतारों में खड़े रहे। हारम में स्वागत व पूजा-अर्चना के बाद माई की डोली मुख्य मार्ग से होते हुए गीदम के पुराने बाजार परिसर स्थित माई के स्तंभ पूजा स्थल पहुंची, जहां पारंपरिक तरीके से



पूजा-अर्चना कर माई के सम्मान में सलामी दी गई।

इसके पश्चात बाबा रामदेव मंदिर में लोगों ने माई की डोली व छत्र का भव्य स्वागत किया। माई के आगमन के दौरान पूरा गीदम नगर माता रानी के जसगीतों व जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान डीजे की धुन पर भी लोग जमकर थिरकते हुए नजर आए। इसके साथ ही पारंपरिक आदिवासी नर्तक दल भी माता के स्वागत के लिए यहां विशेष रूप से शामिल रहा।

हारम से फारेस्ट नाका तक उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

बाबा रामदेव मंदिर के बाद माई की डोली मुख्य मार्ग से होते हुए फारेस्ट नाका के पास साहू समाज गीदम के दुर्गा पंडाल पहुंची। हारम से लेकर नगर के अंतिम छोर तक सभी लोगों ने मां दंतेश्वरी का आत्मीय स्वागत किया। महिलाएं आरती की थाली लेकर माता के छत्र व डोली की पूजा-अर्चना करती नजर आईं। माई की डोली के स्वागत व दर्शन के लिए लोग मार्ग के दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े रहे।

बस्तर दशहरा की महत्वपूर्ण रस्म है मावली परघाव

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व पर मावली परघाव की रस्म में शामिल होने माई की डोली राज परिवार के निमंत्रण के बाद रविवार को जगदलपुर की ओर रवाना हुई है। गीदम शहर पहुंचते ही जगह-जगह श्रद्धालुओं और भक्तों ने माई की डोली का पलक-पावड़े बिछाकर ऐतिहासिक स्वागत किया।

करलाकोंटा के माता हिंगलाजिन मंदिर में अष्टमी-नवमी पर हवन-पूजन और भंडारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

करलाकोंटा स्थित माता हिंगलाजिन मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी और नवमी पर्व पर हवन-पूजन एवं भंडारा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल अपनी पत्नी के साथ पहुंचे और हवन में बैठकर विधि-विधान से आहुति दी। उन्होंने माता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। लोगों ने उत्साह से उनका अभिवादन किया और मिलकर प्रशंसा जताई। ग्रामीणों ने विधायक से आत्मीयता से मुलाकात की और क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित आसपास के क्षेत्रों के लोग माता हिंगलाजिन के दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति दी और पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मंदिर समिति द्वारा भंडारे की उत्तम व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सहित कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला, इंद्रावती बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष अनिल परिहार, पार्षद नरसिंग नागेश सहित मंदिर समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पोड़ागुड़ा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का विधायक और सांसद ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के नानगुर मंडल के ग्राम पोड़ागुड़ा पंचायत में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं सांसद महेश कश्यप ने विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होगी।आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लोगों को समय पर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। आसपास के लोगों को भी इसका लाभ होगा। स्वास्थ्य को लेकर सरकार संवेदनशील होकर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने प्रयासरत हैं। सांसद ने कहा क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, सुब्रतो विश्वास,मंडल अध्यक्ष हरिराम, लखीधर बघेल, जनपद सदस्य नरेन्द्र बघेल, सरपंच मनदेव बघेल, सरपंच रैदूराम , पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष नीलाम्बर सेठिया, महामंत्री चंद्रकांत सेठिया,मनोहर दत्त तिवारी, रधु सेठिया,सुरेश बघेल, सुखलाल, बुटी राम, रोहित पंत, नरेन्द्र पांडे,कमल कुमारी, पार्वती शर्मा, फूलकुमारी, करूणा, आसमती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय बसाक एवं क्षेत्र के कार्यकर्ता, क्षेत्रवासी एवं अन्य उपस्थित थे।

बस्तर सांस्कृतिक सुरक्षा मंच की बैठक में दशहरा में सेवा एवं सुरक्षा का संकल्प

जगदलपुर। नगर के शांति नगर स्थित दुर्गा मंदिर में बस्तर सांस्कृतिक सुरक्षा मंच की बैठक की गई। बैठक में बस्तर संभाग के विभिन्न प्रखंडों से आए सदस्यों एवं युवाओं ने सहभागिता की। बैठक में दशहरा के पारंपरिक रीति-रिवाजों, मां दंतेश्वरी की सेवा तथा विभिन्न रस्मों में सहयोग एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने पर सहमति व्यक्त की गई। रामनाथ कश्यप ने कहा कि दशहरा हमारी समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। पूर्व में जिस प्रकार सभी समाजों की सहभागिता से दशहरा की परंपराएं निभाई जाती थीं, उसी प्रकार हमें आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ आगे बढ़कर कार्य करना होगा।हरि साहू ने कहा कि दशहरा में विभिन्न समाजों के लोगों का स्वेच्छा से आगे आना प्रसन्नता का विषय है। हम सभी मिलकर बस्तर में आने वाले देवी-देवताओं के पुजारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सेवा कार्य करेंगे।मुन्ना बजरंगी ने कहा कि दशहरा विश्वप्रसिद्ध पर्व है, जो हमारी विशिष्ट संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाता है। आज भले ही दशहरा के आयोजन में प्रशासनिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका हो, लेकिन इसकी मूल आत्मा हमारी पारंपरिक मान्यताओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक सहभागिता में निहित है। इन परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए हम सभी को आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।बैठक में जगदलपुर,लानगूर, बस्तर, मानपुरी,दरभा, बस्तानार, लोहंडीगुड़ा, नगरनार, बकावंड सहित विभिन्न क्षेत्रों से युवा उपस्थित रहे। सभी ने बस्तर दशहरा के मावली परघाव एवं अन्य पारंपरिक रस्मों के दौरान सहयोग और सुरक्षा की दृष्टि से अपनी सेवाएं देने पर सहमति जताई।मंच द्वारा जल्द ही एक विशेष टीम का गठन कर सभी वॉलंटियर्स को उनकी योग्यता एवं आवश्यकता के अनुसार दायित्व सौंपे जाएंगे, ताकि सभी सदस्य आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।बैठक में आगामी मावली परघाव के दिन दोपहर 1 बजे दुर्गा मंदिर, शांति नगर, जगदलपुर में अगली बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। इस बैठक में सभी वॉलंटियर्स को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी तथा सेवा एवं सुरक्षा संबंधी कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

सवा किलो चांदी से निर्मित रजत छत्र माता को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पुलिस अधीक्षक ने सपरिवार किए हिंगलाजिन माता के दर्शन

पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने आज सपरिवार रियासत कालीन प्राचीन हिंगलाजिन माता मंदिर, बेड़ागांव, पहुंचकर माता के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने बस्तर की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना कर





आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मंदिर की धार्मिक परंपरा और आस्था से जुड़े एक विशेष आयोजन के अंतर्गत दशहरे सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में माता के प्रतीक स्वरूप निकाले जाने वाले छत्र को नया स्वरूप प्रदान किया गया। अनेक वर्षों के बाद सवा किलो चांदी से निर्मित भव्य रजत छत्र को पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा एवं मंदिर के अध्यक्ष एवं संरक्षक अजय सिंह बैस द्वारा माता को समर्पित किया गया। छत्र के मंदिर पहुंचने पर ग्रामीणों, पुजारियों एवं सेवादारों ने बाजे-गाजे और हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया तथा धार्मिक उत्साह के बीच उसे मंदिर तक ले जाया गया। ग्रामीणों, पुजारियों एवं सेवादारों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर डी पी देवांगन, भरत देवांगन, लखन कश्यप चंद्रसेना दीवान, गजाधर पुजारी, चैन पुजारी, रामनाथ कश्यप, डोलहा, सेवादार, मांझी मुखिया चालकी, ग्रामीण उपस्थित रहे।

नवरात्रि पर्व पर पंडालों व मंदिरों में पहुंचे सरपंच भरत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नवरात्रि पर्व के दौरान भाजपा मिडिया प्रभारी व ग्राम गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप तोकापाल ब्लाक के ग्राम सिरीसगुड़ा, कोंडालूर, टिकराधनोरा, छापरभानपुरी तथा सिंगनपुर में पंडाल तथा मंदिर में पहुंचे जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। माता के दर्शन के साथ उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं आयोजन समिति के युवाओं से मुलाकात किया । सरपंच ने कहा कि बस्तर की धरती और जनमानस भक्ति के रस से सराबोर है , नवरात्रि का पर्व हमें ऊर्जा और शक्ति से भर देता हैं। इस दौरान अजय बघेल,पीलूराम बघेल, निरंजन बघेल, तुलसी सेठिया, मनोज साहू, सोनसिंह सेठिया सहित अन्य उपस्थित थे।

पेज 3 के शेष

हिंगनपुरी की डे-नाइट...

की। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में डोंगरगढ़ ने प्रथम, राजनांदगांव ने द्वितीय, कोरर ने तृतीय और आमाकोट ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग में कराठी मुल्ला की टीम विजेता बनी। चिहरो ने दूसरा, चेमल ने तीसरा और ईरागांव ने चौथा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में सरपंच शिवलाल धुरवा, नरोत्तम चौहान, रामचन्द्र कल्लो, विजय पटेल, जनपद सदस्य सविता उयके सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं सरपंच शामिल हुए। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में बृजलाल सलाम, देवनाथ गावड़े, प्रदीप पटेल, सोमनाथ गोटा, मोहन नरेटी, भुनेश्वर नरेटी, कुशल गावड़े, दयालु गोटा, अनिल गोटा, अशोक धुरवा, जगन्नाथ आचला, बिरेश नरेटी, मनोज आचला एवं सुमन धुरवा सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता ने ग्रामीण खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया और क्षेत्र में कबड्डी के प्रति उत्साह बढ़ाया।

कांकेर में आज 50 फीट ऊंचा...

दर्शक रामायण की कथा को जीवंत रूप में अनुभव कर सकेंगे। इसके बाद अतिथियों और आयोजन समिति द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। फिर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। आतिशबाजी के साथ पूरा मैदान उत्सव के रंग में रंग जाएगा। आयोजन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, शाम 5 बजे शहर के ऐतिहासिक मेलाभाटा मैदान में रावण दहन किया जाएगा। इसके बाद शाम 5:30 बजे नरहरदेव मैदान में राम-रावण युद्ध प्रसंग का मंचन शुरू होगा। शाम 6:30 बजे पूजा-अर्चना के बाद तीनों पुतलों का दहन और भव्य आतिशबाजी की जाएगी। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए नरहरदेव मैदान में मजबूत बैरिकेडिंग की गई है। महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैठने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मंच, ध्वनि विस्तारक यंत्र और आकर्षक रोशनी की व्यवस्था भी की गई है।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

ज्योति कलश और जंवारा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा



नगर में मां शीतला के प्रति श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनोकामना ज्योति कलश विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शीतला माता मंदिर में प्रज्वलित ज्योति कलशों को लेकर निकली शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए देवी स्थल डबरी माता तालाब पहुंची, जहां विधि-विधान से कलशों का विसर्जन किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में शीतला माता मंदिर के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों और पुलिस प्रशासन की सहभागिता रही। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। मनोकामना ज्योति कलश विसर्जन धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्रद्धालु मां शीतला की पूजा-अर्चना कर परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना करते हैं।

धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिली

विसर्जन के अवसर पर भी श्रद्धालुओं ने माता रानी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। डबरी माता तालाब नगर का प्रमुख देवी स्थल माना जाता है, जहां धार्मिक अवसरों पर श्रद्धालु पहुंचते हैं। शोभायात्रा के माध्यम से चारामा की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिली। मंदिर पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों और पुलिस प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

केवटीनटोला में दुर्गोत्सव मनाया, किया जंवारा ठंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर



ग्राम पंचायत केवटीनटोला में मां शीतला माता के पावन प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर नौ दिनों तक स्थापित ज्योति कलश का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान गांव का वातावरण भक्तिमय बना रहा। नौ दिनों तक ग्रामवासी मां शीतला माता की आराधना में लीन रहे। इस दौरान पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक गतिविधियां आयोजित की गईं। ज्योति कलश विसर्जन के अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारे लगाए और गांव में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। धार्मिक अनुष्ठानों के समापन पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन में ग्राम के गायता देवकुमार कावड़े, ग्राम पटेल अमर सिंह बढ़ाई, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष मकसुदन खड़हे, ग्राम पंचायत की सरपंच ललिता नायक, उपसरपंच परमानंद कावड़े सहित नवल राम कोर्राम, भोला राम भुवार्या, कोमल तारम, लक्ष्मी देहारी एवं हेमलाल भुवार्या का विशेष योगदान रहा।

उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई

समस्त ग्रामवासियों के सहयोग और सहभागिता से नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने गांव में आपसी सद्भाव, एकता और धार्मिक आस्था को मजबूत किया। अंत में मां शीतला माता से समस्त ग्रामवासियों के सुख-समृद्धि, शांति और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई।

खबर संक्षेप

साधुमिचगांव में 22 को सांस्कृतिक कार्यक्रम

दुर्गूकोंदल। ग्राम साधुमिचगांव कोड़ेकुर्से में विजयादशमी के अवसर पर 22 अक्टूबर गुरुवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। कार्यक्रम में ग्राम निपानी जिला बालोद के सुरता के डोरी डांस परिवार द्वारा आकर्षक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 9 बजे होगा। आयोजन के माध्यम से दशहरा पर्व की खुशियां साझा करने और क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। विजयादशमी सत्य की असत्य पर और अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर होने वाला सांस्कृतिक आयोजन ग्रामीणों को मनोरंजन के साथ आपसी मेल-मिलाप का अवसर भी प्रदान करेगा।

बस्तर के एमआरएफ प्लांट को मिला जेड ब्रॉन्ज सर्टिफिकेट

बस्तर। स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बस्तर जिले ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बस्तर स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) प्लांट को जेड ब्रॉन्ज सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है, जिसे छत्तीसगढ़ में एमआरएफ प्लांट के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

विधायक आशाराम एवं कलेक्टर कुन्दन ने दिव्यांगजनों को किया प्रोत्साहित

दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर व उपकरणों का किया निशुल्क वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति, जयपुर एवं जिला प्रशासन उत्तर बस्तर कांकेर के संयुक्त सहयोग से आज जिला मुख्यालय कांकेर के मिनी स्टेडियम परिसर में दिव्यांगजन निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। ट्राइसाइकिल एवं व्हीलचेयर सहित सहायक उपकरण प्रदान कर दिव्यांगजनों को आवागमन में सुविधा और आत्मनिर्भरता की दिशा में सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि शामिल हुए एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

- भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति जयपुर एवं जिला प्रशासन के संयुक्त में आयोजित हुआ शिविर

शिविर में कुल 61 दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें 34 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल तथा 27 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। कार्यक्रम में दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके दैनिक जीवन को सुगम बनाना और उन्हें अधिक आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग देना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। दिव्यांगजनों को नियमानुसार पेंशन के साथ-साथ उनकी जरूरत के अनुसार सहायक उपकरण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कांकेर में आयोजित इस शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राइसाइकिल एवं व्हीलचेयर प्रदान की जा रही है। उन्होंने भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति, जयपुर की इस पहल की सराहना करते हुए समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उपस्थित दिव्यांगजनों को नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली की शुभकामनाएं दीं। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने भी शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराना उनके जीवन को सहज बनाने और उनकी दैनिक गतिविधियों में सहायता प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति, जयपुर को इस जनहितकारी आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा गत दिवस जगदलपुर में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें कांकेर जिले के 277 दिव्यांगजन लाभान्वित हुए थे। जो दिव्यांगजन उस शिविर में शामिल नहीं हो पाए थे, उन्हें कांकेर में आयोजित इस शिविर के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद दिव्यांगजनों तक योजनाओं एवं सहायता का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। शिविर में भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति की ओर से नारायण व्यास, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, महेश जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, राजेश शर्मा, दिलीप जायसवाल, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक क्षमा शर्मा एवं अधिकारी-कर्मचारी तथा दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

नाबालिग छात्रा गर्भवती के मामले में वैद्यराज गिरफ्तार



भानुप्रतापपुर। भानुप्रतापपुर विकासखंड के प्री-मैट्रिक आदिवासी बालिका छात्रावास में रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा के करीब पांच माह की गर्भवती होने का मामला सामने आने से प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई है। छात्रा की तबीयत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकीय जांच के दौरान गर्भावस्था की पुष्टि हुई। मामले में पुलिस ने ग्राम आमागांव निवासी 44 वर्षीय वैद्यराज रमेश कुमार पिस्दा को गिरफ्तार किया है।

एसडीएम अनिकेत अशोक फड़तरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि छात्रा की तबीयत खराब होने पर उसके माता-पिता को बुलाकर चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। मामला सामने आने के बाद संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 64(2)(एम), 65(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी को 19 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया गया। घटना के बाद छात्रावास में छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण, नियमित निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जांच में यह देखा जाएगा कि छात्रा की तबीयत खराब होने की जानकारी प्रबंधन को कब मिली, उसे अस्पताल कब ले जाया गया तथा संबंधित अधिकारियों को सूचना देने में क्या प्रक्रिया अपनाई गई। छात्रावास के स्वास्थ्य रिकॉर्ड, निरीक्षण रजिस्टर और संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा भी महत्वपूर्ण होगी।

लापरवाही मिलने पर तय होगी जवाबदेही : प्रशासनिक जांच में छात्रावास अधीक्षिका, संबंधित कर्मचारियों और विभागीय अधिकारियों की भूमिका तथा निर्धारित जिम्मेदारियों के निर्वहन की समीक्षा की जाएगी। यदि जांच में किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

बालिकाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

एसडीएम ने कहा कि छात्रावासों में रहने वाली बालिकाओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। छात्राओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने और किसी भी असामान्य स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता देने पर जोर दिया गया है।

छात्रावास की नाबालिग छात्रा गर्भवती, जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भानुप्रतापपुर स्थित प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास में अध्ययनरत एक नाबालिग छात्रा के गर्भवती होने का मामला सामने आने से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। छात्रा की तबियत बिगड़ने और असामान्य गतिविधियां दिखाई देने पर छात्रावास अधीक्षक ने उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया। जांच में छात्रा के गर्भवती होने की पुष्टि हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने जांच दल गठित कर तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

- कलेक्टर कुन्दन कुमार ने तीन दिन में रिपोर्ट देने के दिए निर्देश
- छात्रावास अधीक्षक और मंडल संयोजक को नोटिस जारी

आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त जया मनु से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा के स्वास्थ्य में सुधार के लिए उसके परिजन उसे बैगा के पास ले जा रहे थे। इसी दौरान बालिका द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ताड़ोकी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले में संबंधित बैगा को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। हालांकि, मामले से जुड़े आरोपों और अन्य तथ्यों की पुष्टि जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने तत्काल प्रभाव से चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, भानुप्रतापपुर अनिकेत अशोक फड़तरे को जांच दल का अध्यक्ष बनाया गया है। जांच दल को प्रकरण के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच कर तीन दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस घटना ने छात्रावासों में रहकर पढ़ाई करने वाली बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और देखरेख से जुड़े सवालों को महत्वपूर्ण बना दिया है। जिला प्रशासन ने मामले की जांच के साथ छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया है। अब जांच प्रतिवेदन के आधार पर मामले के विभिन्न पहलुओं और संबंधित जिम्मेदारियों को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नाबालिग छात्रा की पहचान और निजता सुरक्षित रखना भी इस संवेदनशील प्रकरण में अत्यंत आवश्यक है।

अधीक्षक और मंडल संयोजक को नोटिस

प्रशासन ने मामले में संबंधित छात्रावास अधीक्षक एवं मंडल संयोजक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारियों से इस संबंध में जवाब मांगा गया है। साथ ही कलेक्टर ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए हैं।

युवाओं में खासा उत्साह रहने की उम्मीद

बाफना रिसॉर्ट में आज सजेगी गरबा नाइट कैश प्राइज व लकी ड्रॉ का होगा आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



फाइल फोटो

नवरात्रि के पावन अवसर पर कांकेर में गरबा और डांडिया का उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में बाफना रिसॉर्ट में मंगलवार, 20 अक्टूबर को 'द अल्टीमेट गरबा नाइट' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा, जो मध्यरात्रि 12 बजे तक चलेगा। आयोजन को लेकर गरबा प्रेमियों और युवाओं में खासा उत्साह रहने की उम्मीद है। कार्यक्रम का उद्देश्य नवरात्रि की धार्मिक आस्था, पारंपरिक नृत्य और उत्सवी माहौल को एक साथ प्रस्तुत करना है। आयोजन में प्रतिभागियों को गरबा और डांडिया के माध्यम से अपनी कला और उत्साह प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। रंग-बिरंगी पोशाकों, पारंपरिक संगीत और सामूहिक नृत्य के साथ यह शाम उत्सवमय बनाने की तैयारी की गई है। आयोजन के प्रमुख आकर्षणों में कैश प्राइज, लकी ड्रॉ के विजेताओं के लिए पुरस्कार और विजेता ट्रॉफियां शामिल हैं। इसके अलावा फोटो बूथ की व्यवस्था भी रहेगी, जहां लोग कार्यक्रम की यादगार तस्वीरें ले सकेंगे। श्रद्धालुओं के लिए आरती एवं प्रसाद की व्यवस्था के साथ प्रामाणिक भारतीय व्यंजनों का भी आनंद लिया जा सकेगा। आयोजकों द्वारा कार्यक्रम को आकर्षक और यादगार बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया है। नवरात्रि के दौरान आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम धार्मिक परंपराओं के साथ मनोरंजन और सामाजिक मेल-मिलाप का अवसर भी प्रदान करेगा।

बनसागर शीतला माता मंदिर नवरात्र की धूमधाम से मनाई



कांकेर। विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर स्थित मां शीतला माता मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। नौ दिनों तक अखंड ज्योति प्रज्वलित कर ग्रामीण परिवार की सुख-समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

नवरात्र के अवसर पर मंदिर में विधि-विधान से अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई है। साथ ही जंवारा बोया गया है। महिला श्रद्धालु मां शीतला को चुनरी, नारियल, सिंदूर एवं शृंगार सामग्री अर्पित कर पूजा-अर्चना कर रही हैं। मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंज रहा है। इस धार्मिक आयोजन में ग्राम पंचायत के सरपंच संदीप कुमार कुंजाम सहित ग्राम पटेल सुनील कुमार मंडावी, अहिल्याराम सलाम, फरसूराम नेताम, बेदकुमार साहू, रामकृष्ण पटेल, मनसुखा निषाद, चमरू राम नेताम, बुद्धू राम, प्रेमलाल कुंजाम, रामजीवन पटेल, सुकदेव नेताम, शिवकैलाश कुंजाम, सूरजलाल वट्टी, लखन कुंजाम, देवेंद्र कुमार पटेल सहित अनेक ग्रामीणों की सहभागिता रही। ग्रामीणों के सहयोग से धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया जा रहा है। नवरात्र का यह आयोजन गांव में आस्था, सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत कर रहा है। श्रद्धालु मां शीतला से सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना कर रहे हैं।

खंडीघाट कलारिन मंदिर में अष्टमी पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर विकासखंड दुर्गूकोंदल के खंडीघाट स्थित प्रसिद्ध माता बहादुर कलारिन मंदिर में अष्टमी महाहवन का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। मंदिर परिसर में स्थापित 52 ज्योति कलश के बीच विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न हुआ। पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद वितरित किया गया।

नवरात्र के प्रथम दिन से मंदिर में 52 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए थे। नौ दिनों तक अखंड ज्योतियों से मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। इस दौरान दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। अष्टमी तिथि पर आयोजित महाहवन में विधि-विधान से 108 आहुतियां अर्पित की गईं। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। हवन संपन्न होने के बाद भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया। माता बहादुर कलारिन मंदिर खंडीघाट क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्रों में शामिल है। यहां स्थित प्राकृतिक रूप से निर्मित माता बहादुर कलारिन भट्टी के दर्शन के लिए नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं।

धार्मिक आयोजन में ब्लॉक अध्यक्ष जागेश्वर जैन, ब्लॉक सचिव आनंद जैन, गौतम जैन, सिकंदर जैन, जगदीश जैन, परसूराम जैन, पलटन जैन, रघुबीर जैन, घसिया राम जैन, बरातू सोरी, कृष्ण जैन, परम लाल पांडे, सत्यनारायण जैन, शशिला जैन, सुरेश जैन, पूर्व अध्यक्ष सियाराम जैन, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर पांडे, युगल किशोर पांडे तथा युवा प्रकोष्ठ से सतीश जैन सहित दुर्गूकोंदल ब्लॉक के कलार समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

सिवनी में नवरात्रि पर्व पर की विधि-विधान से पूजा



दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम सिवनी में शारदीय नवरात्रि पर्व के समापन अवसर पर सोमवार को माता रानी की चार ज्योतों का शीतलीकरण पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। ग्राम सिवनी में नवरात्रि के दौरान माता रानी की चार ज्योतें प्रज्वलित की गई थीं। इनमें पहली ज्योत शीतला मंदिर, दूसरी परगना, तीसरी ग्रामवासियों तथा चौथी श्रद्धालु संतोष यादव की ओर से प्रज्वलित की गई थी। नवरात्रि की समाप्ति पर पूजा-अर्चना और प्रार्थना के बाद पुजारी एवं वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में चारों ज्योतों का शीतलीकरण किया गया। धार्मिक आयोजन में ग्रामीणों ने माता रानी से गांव में सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली और आपसी भाईचारे की कामना की। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने श्रद्धापूर्वक भाग लेकर परंपराओं का निर्वहन किया। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शीतला मंदिर के पुजारी पवन कुमार मंडावी, गायता दीनदयाल मंडावी, ग्राम पटेल रामू राम मंडावी सहित राजेन्द्र मंडावी, शिवलाल विश्वकर्मा, रेखलाल विश्वकर्मा, जयसिंह महावीर, धनीराम तोप्पा, बिहारी लाल सिन्हा, फगनू गौर, चुम्मन सिन्हा, विदेश मंडावी, शिवकुमार आमले, मुकेश बघेल, परदेशी राम मंडावी, राजकुमार विश्वकर्मा और रविंद्र मंडावी सहित महिला समूह, युवा वर्ग एवं ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट

■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060



स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 03 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411